**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–19.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रांची में यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए तीन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल्द डीपीआर तैयार करने का दिया निर्देश।**
2. **राज्य के उद्योग सचिव ने नई दिल्ली में कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, झारखंड में औद्योगिक विकास में सहयोग पर बनी सहमित।**
3. **अग्निवीर अब आपात स्थिति में निभाएंगे सेफ्टी अफसर की भूमिका, आग से बचाव और शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा के लिए किये जायेंगे प्रशिक्षित।**
4. **राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद हुई हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश, गढ़वा, सिमडेगा सहित 8 जिलों में 23 और 24 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी।**
5. **64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग में उत्तरी छोटानागपुर और संथाल तथा बालिका वर्ग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की टीम बनी चैंपियन।**

**समाचार विस्तार से**

******************

राजधानी रांची समेत झारखंड के प्रमुख शहरों में यातायात व्यवस्था को सुचारू और आधुनिक बनाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।इसे लेकर मुख्यमंत्री ने डीपीआर तैयार कर जल्द परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है। जिन तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई उनमें रांची के अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ होते हुए चापू टोली तक मुख्यमंत्री ने रांची की तर्ज पर जमशेदपुर, डालटनगंज और अन्य शहरों में भी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर नई योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया।

******************

राज्य में विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से उद्योग सचिव अरवा राजकमल और ज़ियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन ने दिल्ली में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अलग अलग बैठक की। झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी–जीका इंडिया की अपर मुख्य विकास विशेषज्ञ अदिति पुरी के साथ एक बैठक की। इसके बाद उद्योग सचिव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन–जेट्रो इंडिया के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों की ओर से नये निवेश के अवसरों को खोलने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों पर सहमति बनी है। इसके अलावा भी कई संस्थानों के साथ बैठक की गई।

******************

बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद से कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान के दौरान आज जंगल से एक एसएलआर राइफल, 20 एसएलआर की गोली, एक इंसास और उसकी एक मैगजीन समेत कोडेक्स वायर और एक पीस डेटोनेटर भी बरामद किया गया है। जिले के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि यह अभियान अभी जारी है।

******************

जमशेदपुर पूर्वी से विधायक पूर्णिमा दास साहू ने झारखंड सरकार से किसानों के लिए छत्तीसगढ़ की तर्ज पर मशीनें उपलब्ध कराने की मांग की है। श्रीमती साहू ने कहा कि मशीनें मिलने से किसानों को सुविधा होगी।

******************

अग्निवीर अब आपात स्थिति में सेफ्टी अफसर की भूमिका निभाएंगे। वे आग लगने की स्थिति में बचाव कार्यों में सहायता करेंगे और शिक्षण संस्थानों में आग से सुरक्षा के उपायों को लागू करने में भी मदद करेंगे। इसके लिए अग्निवीरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन को पत्र लिखकर अग्निवीरों की संख्या की जानकारी मांगी है।

******************

गुमला जिले में पुलिस ने अलग अलग मामलों में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि सभी अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

******************

रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य और पोषण योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

******************

**संक्षिप्त खबरें–**

- पाकुड़ जिले में पुलिस ने जाली नोट छापकर उसका कारोबार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पाकुड़िया थाना क्षेत्र से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।
- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र निवासी संजय कुमार मोदी के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से चोरी गए गहने भी बरामद किये हैं।
- साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और फेक न्यूज़ के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश से गुमला जिला प्रशासन की ओर से 23 जुलाई को डिजिटल रक्षा पाठशाला का आयोजन किया जायेगा।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अभी मॉनसून थोड़ा कमजोर पड़ गया है। वहीं 23 और 24 जुलाई को गढ़वा, सिमडेगा सहित 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

******************

राजधानी रांची में आयोजित चौसठवीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग के 17 वर्ष श्रेणी में उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल को दो शून्य से हराकर चैंपिनयशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। वहीं बालिका वर्ग 17 वर्ष की श्रेणी में उत्तरी छोटानागपुर ने दक्षिणी छोटानागपुर को 7–6 से हराकर और बालक वर्ग के 15 वर्ष श्रेणी में संथाल ने दक्षिणी छोटनागपुर को 4–3 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

**************